## एक नजर में

### छत्रीबाग रामद्वारा आज से स्वामी सुखराम के प्रवचन



इंदौर. छत्रीबाग स्थित रामद्वारा पर 90 वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुरूप इस बार चातुर्मास में बाड़मेर के ब्रह्मलीन संत रामस्वरूप महाराज के युवा शिष्य रामस्नेही संप्रदाय के विद्वान स्वामी सुखराम महाराज पहली बार रविवार, 6 जुलाई से इंदौर में ज्ञान गंगा प्रवाहित करेंगे. चातुर्मास का यह आयोजन 3 अक्टूबर तक चलेगा. रामद्वारा ट्रस्ट के लक्ष्मीकुमार मुछाल, रामसहाय विजयवर्गीय एवं रामनिवास मोड ने बताया कि संत सुखराम ने देश के अनेक शहरों में चातुर्मास, भागवत, रामचरित मानस एवं नानीबाई के मायरे की कथाएं की हैं. गीता वाणी सहित अनेक धर्मग्रंथो का अध्ययन करने वाले संतश्री प्रतिदिन सुबह 8 बजे से यहां स्वामी रामचरण महाराज की वाणीजी का पारायण, 8.30 बजे से सत्संग की ज्ञान गंगा एवं उसके पश्चात भजन और राम धुन को प्रवाहमान करेंगे. रामद्वारा सत्संग एवं पाठक मंडल की भागीदारी में चातुर्मास की यह पावन श्रृंखला 6 जुलाई से 3 अक्टूबर तक प्रवाहित होगी.

### छत्रीबाग व्यंकटेश देवस्थान पर आज से श्रीराम कथा



इंदौर. एकल श्रीहरि इंदौर चेप्टर एवं संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब के संयुक्त तत्वावधान में 6 से 8 जुलाई तक तीन दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का दिव्य आयोजन छत्रीबाग स्थित पावन सिद्ध धाम श्री लक्ष्मी व्यंकटेश देव स्थान पर प्रतिदिन दोपहर 3 से 6 बजे तक होगा। आयोजन की दिव्यता को देखते हुए आज संपन्न हुई बैठक में उत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया. वनवासी विकास ट्रस्ट एवं श्रीहरि कथा योजना के निर्देशन में श्रीराम कथा समिति इंदौर द्वारा यह दिव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कथा व्यास साध्वी सुश्री गीता किशोरी के मुखारविंद से श्रीराम कथामृत की वर्षा होगी. शनिवार शाम को उनके इंदौर आगमन पर श्रीहरि इंदौर चैप्टर के अध्यक्ष प्रकाश अजमेरा एवं महिला समिति की अध्यक्ष कमल राठी के साथ अनिल काकानी, पुष्प माहेश्वरी, मनोज छापरवाल, श्याम भांगड़िया, आशीष बाहेती, राजेन्द्र भूतड़ा, मुरली माधन्या आदि ने उनका स्वागत किया। सचिव रेखा काकानी ने बताया कि जगदगुरू रामानुजाचार्य श्री नागोरिया पीठाधिपति स्वामी विष्णु प्रपन्नाचार्य महाराज के सानिध्य में रविवार, 6 जुलाई को पहले दिन शिव पार्वती विवाह, दूसरे दिन 7 जुलाई को राम जन्मोत्सव एवं 8 जुलाई मंगलवार को राम-सीता विवाह के साथ समापन होगा. यह आयोजन वनवासी विकास ट्रस्ट एवं श्रीहरि कथा योजना की ओर से वनवासी बंधुओं के सहायतार्थ किया जा रहा है.

### स्वामी परमानंद के सानिध्य में ध्यान साधना शिविर



इंदौर. श्रीराम जन्मभूमि न्यास अयोध्या के सदस्य महामंडलेश्वर युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज के सानिध्य में ध्यान- साधना शिविर का 29 वां दिव्य आयोजन इस बार गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में खंडवा रोड स्थित अखंड परमधाम आश्रम के सत्संग सभागृह में 21 जुलाई से प्रारंभ होगा। इसके पूर्व गत 28 वर्षों से यह शिविर साउथ तुकोगंज स्थित पंजाब अरोड़वंशीय भवन पर होता रहा है. अखंड परमधाम सेवा समिति के अध्यक्ष किशनलाल पाहवा, श्यामलाल मक्कड़, विजय शादीजा एवं रामबाबू अग्रवाल ने बताया कि गुरुदेव 20 जुलाई की शाम को इंदौर पधारेंगे. उनके सानिध्य में ध्यान-साधना शिविर का आयोजन 21 जुलाई से प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक और संध्या 7 से 9 बजे तक खंडवा रोड आश्रम के सभागृह में होगा। शिविर संयोजक राजेश अग्रवाल ने बताया कि स्वामी परमानंद गिरि के साथ हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद गिरि भी आएंगे. आश्रम की संयोजक साध्वी चैतन्य सिंधु के अनुसार आश्रम स्थित परमानंद गो धाम गोशाला के विकास कार्य का भूमि पूजन 25 जुलाई को सुबह 9 बजे युग पुरुष स्वामी परमानंद गिरि के सानिध्य में होगा.

### आदिवासी बच्चों को शैक्षणिक सामग्री दी




इंदौर. आज का दिन पिपलियापाला क्षेत्र के 268 दलित और आदिवासी बच्चों के लिए किसी त्यौहार से कम नहीं रहा. हेल्प फॉर डिप्राइव्ड चिल्ड्रन ऑर्गेनाइजेशन की पहल पर इन बच्चों को सम्पूर्ण शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई- एक ऐसा साथ, जो इनके उज्जवल भविष्य की नींव रखेगा. ये सभी बच्चे ऐसे परिवारों से आते हैं जहाँ माँ-बाप दूसरों के घरों में काम करके या मजदूरी करके जैसे-तैसे अपने बच्चों को पालते हैं. इन सभी बच्चो को किताबें, बैग, ज्योमेट्री बॉक्स, डिक्शनरी, पेन पेंसिल, और वाटर बॉटल्स प्रदान की गई. इस बार जून माह में बच्चों की सूची तैयार की गई, नया बैग और खुद की किताबें छूईं- उनके चेहरों पर जो मुस्कान थी, वो शब्दों से परे थी. यह सिर्फ सामग्री नहीं थी, यह उनके आत्मविश्वास और आत्मसम्मान की पहली सीढ़ी थी. इस अवसर पर संस्था के प्रमुख हेमलता कटारिया, सदस्य विवेक तंवर जी और वालंटियर मोहित शर्मा जी मौजूद रहे.

### आधार हाउसिंग फाइनेंस की महिला संचालित शाखा शुरू



इंदौर. आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने आज मध्य प्रदेश के इंदौर में अपनी पहली महिला-संचालित शाखा की शुरुआत की. यह पहल महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने और देश के आर्थिक सशक्तिकरण एजेंडे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. इंदौर में शुरू हुई यह विशेष महिला-संचालित शाखा महिलाओं के लिए घर खरीदना और आसान बनाएगी. यह पहल नारी सशक्तिकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) और घर को महिलाओं के नाम पर रजिस्टर करने के लिए राज्य सरकार की योजनाओं को और बल देती है. आधार हाउसिंग फाइनेंस के प्रबंध निदेशक और सीईओ ऋषि आनंद ने कहा यह महिला नेतृत्व मॉडल सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं है, बल्कि यह संरचनात्मक बदलाव की शुरुआत है. हमारा विश्वास है कि हाउसिंग फाइनेंस का भविष्य स्थानीय नेतृत्व में है ऐसे लोग जो अपने क्षेत्र की ज़रूरतों और विविधता को समझते हैं. जब महिलाएं जिम्मेदारी संभालती हैं, तो वंचित इलाकों में विश्वास, समझदारी और स्थिरता की जड़ें और गहरी होती हैं. हैंड इन हैंड इंडिया के सीजीएम ऑपरेशंस बिनॉय देवासिया ने कहा, यह शाखा इस बात का उदाहरण है कि अगर संस्थाएं सही ढंग से साथ दें, तो महिलाएं उल्लेखनीय बदलाव ला सकती हैं.

### एनएमआईएमएस ने नेक की ए++ ग्रेड प्राप्त की

इंदौर. एसवीकेएम के एनएमआईएमएस को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नेक) की ओर से प्रत्यायन के चौथे दौर में 3.67 के शानदार सीजीपीए के साथ सर्वोच्च ए++ ग्रेड से सम्मानित किया गया है. इस शीर्ष-स्तरीय मान्यता से जाहिर होता है कि, विश्वविद्यालय शैक्षणिक गुणवत्ता, संस्थागत अनुशासन और छात्रों के समग्र विकास के अपने संकल्प पर पूरी तरह कायम है. एनएमआईएमएस (मानित विश्वविद्यालय) ने नेक के प्रत्यायन के चौथे दौर में 3.67 का सीजीपीए हासिल किया है, जो वर्ष 2017 में प्रत्यायन के तीसरे दौर में प्राप्त 3.59 सीजीपीए से बेहतर है, जो प्रत्यायन के लगातार चारों दौर में संस्थान की गुणवत्ता में लगातार हो रही प्रगति को दर्शाता है. नेक प्रत्यायन के लिए मूल्यांकन की प्रक्रिया काफी विस्तृत है, जिसमें पाठ्यक्रम, अनुसंधान, अध्यापन-अध्ययन की प्रक्रिया, बुनियादी सुविधाएँ, छात्रों के लिए सहायता, संचालन व्यवस्था और उत्कृष्ट कार्यप्रणाली सहित कई तरह के मानदंड शामिल होते हैं. ए++ का यह दर्जा अगले सात वर्षों के लिए मान्य है, जो एनएनआईएमएसको देश में उच्च शिक्षा के विशिष्ट संस्थानों में से एक बनाता है.

### प्राइम डे के दौरान घर को दें नया लुक

इंदौर. अमेज़न.इन एक बार फिर लेकर आया है अपना नौवां प्राइम डे, जो 12 से 14 जुलाई तक चलेगा. अपने घर को दीजिए एक नया लुक, टॉप ब्रांड्स जैसे हार्ले डेविडसन, यूरेका, बॉश और अन्य के होम, किचन और आउटडोर प्रोडक्ट्स के नए लॉन्च के साथ. स्मार्ट होम सोल्यूशन्स और मोटरबाइक्स से लेकर फर्नीचर तक, ग्राहक आईसीआईसीआई और एसबीआई बैंक ट्रांजेक्शन्स पर 10 प्रतिशत का इंस्टेंट डिस्काउंट भी प्राप्त कर सकते हैं. मोटरबाइक्स और आउटडोर्स से जुड़े टॉप ब्रांड्स के नए लॉन्च एक्सप्लोर कर सकते हैं. अपने रहने की जगह को इन बेहतरीन फर्नीचर लॉन्च के साथ अपग्रेड कर सकते हैं. इस प्राइम डे के दौरान हर कोने में आराम और स्टाइल को नए मायने दें. एनिग्मैटिक वुडवर्क्स की प्रीमियम लकड़ी की फर्नीचर कलेक्शन के साथ शिल्प और स्टाइल का परफेक्ट संतुलन अनुभव करें, जो अब प्राइम डे पर अमेज़न.इन पर उपलब्ध है.

# एयरटेल कंपनी पर एफआईआर और तीन लाख का जुर्माना

- बिना अनुमति लिए काम और पानी की लाईन भी फोड़ी
- सड़क गड्ढे की जांच रिपोर्ट के बाद आयुक्त ने दिए निर्देश




**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर की स्मार्ट सड़क पर मेघदूत गार्डन के सामने अचानक गड्ढे होने को लेकर नगर निगम अधिकारियों ने जांच की. जांच रिपोर्ट में एयरटेल कंपनी द्वारा बिना अनुमति के कार्य कर पानी की लाइन को क्षतिग्रस्त किया गया. रिपोर्ट के आधार पर आयुक्त ने एयरटेल कंपनी पर एफआईआर करा दी और 3 बदल का जुर्माना भी लगाया है. मौके से कंपनी का सामान भी जब्त कर लिया.

कल एमआर 10 स्मार्ट सड़क पर अचानक गड्ढा हो गया था. मौके पर सड़क धंसने की जानकारी मिली. गड्ढा इतना बड़ा था कि उसमे कार समा जाए. सड़क पर अचानक गड्ढा होने और सड़क धंसने को लेकर आयुक्त ने अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया और अधीक्षण यंत्री डीआर लोधी जांच के निर्देश दिए. अपर आयुक्त सिसोनिया और लोधी ने मौके जाकर जांच की. जांच में पता चला कि भारती एयरटेल कंपनी द्वारा बिना निगम अनुमति लिए ऑप्टिकल फाइबर केबल डालने के दौरान पानी की पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त किया गया है. क्षतिग्रस्त लाइन से पानी लगातार रिसने के कारण मिट्टी का कटाव हो गया है. सड़क धंस गई तथा गड्डा हो गया.

केबल के बंडल व अन्य सामग्री जब्त- रिपोर्ट के आधार पर आयुक्त शिवम वर्मा ने संबंधित फर्म के विरूद्ध एफआईआर करने निर्देश दिए. इसके साथ ही कंपनी पर 3 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है. मौके से ऑप्टिकल फाइबर केबल के तीन बंडल एवं अन्य सामग्री जब्त की गई है. ठेकेदार कंपनी को 3 लाख रुपए वसूल करने का नोटिस भी जारी किया गय.

# महापौर ने शुरू किया स्कूली बच्चों से संवाद



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** महापौर ने स्कूली बच्चों से संवाद करने की पहल शुरू की है. इसके पीछे उद्देश्य यह है कि बचपन से ही बच्चों को समाज, शहर, परिवार और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों के लिए जागरूक बनाना है. यह पहला मौका है जब नगर निगम के महापौर ने स्कूली बच्चों से संवाद किया है.

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज ए फॉरवर्ड स्टेप विथ मेयर कार्यक्रम की शुरुआत की है. इसके तहत महापौर स्कूली बच्चों से सीधे बात कर भविष्य के भारत पर उनके विचार जानेंगे. आज कार्यक्रम के पहले चरण में महापौर ने एमराल्ड स्कूल में 9वी से 12वी तक के 1200 छात्रों से सीधा संवाद किया। बच्चों बातचीत करते हुए इंदौर शहर की विशेषताओं, स्वच्छता मॉडल, नागरिक अधिकारों और कर्तव्यों, डिजिटल डिटॉक्स की आवश्यकता, और पारिवारिक जुड़ाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की. यह पहल न केवल संवाद का माध्यम है, बल्कि यह बच्चों में नेतृत्व, समझ और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है.

### हर सप्ताह एक स्कूल, हर स्कूल से एक छात्र- एक दिन का महापौर

महापौर के संवाद सत्र हर सप्ताह एक अलग स्कूल में आयोजित किया जाएगा. इसमें सरकारी स्कूल भी शामिल होंगे. कार्यक्रम की खास बात यह है कि हर स्कूल से एक छात्र को चुना जाएगा और एक दिन महापौर के साथ रहकर उनकी कार्यशैली, निर्णय प्रक्रिया और नगर प्रशासन की बारीकियों को जानने का मौका मिलेगा. यह छात्र एक दिन का महापौर बनकर नेतृत्व, जिम्मेदारी और सेवा भावना का अनुभव करेगा.

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम



**इन्दौर.** ज़िले में सहकारिता विभाग और सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि, अधिकारियों और सदस्यों, कर्मचारियों ने मिलकर राज्य सहकारी संघ प्रशिक्षण केन्द्र ज़िला सहकारी संघ के क़िला मैदान परिसर में एक पेड़ मां के नाम का कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के साथ आयोजित किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सहकारी नेता प्रकाश व्यास ने की. विशिष्ट अतिथियों में पूर्व निदेशक सहकारी प्रबंध संस्थान तथा सहकारी शिक्षाविद हरि नारायण दुबे, क्लाथ मार्केट सहकारी बैंक अध्यक्ष श्री दमानी, सहकार भारती के ज़िलाध्यक्ष अभिनव शुक्ला, सहकारिता विभाग से राज कुमार देवकर, प्राचार्य सहकारी प्रशिक्षण केंद्र श्री मरमट, ज़िला संघ के पूर्व प्रबंधक बलवंत सिंह राठौर उपस्थित थे.

# बीजेपी अध्यक्ष खंडेलवाल के प्रथम आगमन पर कार्यकर्ता सम्मेलन

### *तैयारियों को लेकर मंत्री ने ली प्रेसवार्ता*



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** कल भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल इंदौर आ रहे है. उनके प्रथम आगमन को लेकर स्थानीय नगर भाजपा और विभिन्न प्रकोष्ठ विशेष रूप से तैयारियां कर रहे है. खंडेलवाल राजीव गांधी चौराहे पर शुभ कारज गार्डन में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे.

आज नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और नगर भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने पत्रकारों से चर्चा कर कल होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी. मंत्री विजयवर्गीय ने बताया कि नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल बहुत ही सहज सरल व्यक्तित्व के धनी है. एक सामान्य कार्यकर्ता की तरह ही पार्टी एवं संगठन के लिए कार्य करते हैं. भाजपा ही ऐसी पार्टी है, जिसमें संगठन के फैसलों को कार्यकर्ता सहर्ष स्वीकार कर लेता है. पारी की विशेषता है कि पोलिंग बूथ से लेकर प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव अनुशासन और लोकतांत्रिक तरीके से किया जाता है. प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि सादगी पूर्ण कार्यक्रम होना चाहिए, लेकिन कार्यकर्ताओं की अभिलाषा को ध्यान में रखते हुए एक छोटी सी रैली की अनुमति प्रशासन से ली गई है. चल रही बैठकें- नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि आज हर विधानसभा एवं मोर्चा प्रकोष्ठ की मैराथन बैठके चल रही है. 7 जुलाई को प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल खजराना गणेश मंदिर के दर्शन एवं पूजन कर आशीर्वाद लेंगे. इसके बाद दाता बंदीछोड़ गुरुद्वारे पर अरदास करेंगे. गुरुद्वारे से राऊ विधानसभा कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष कार्यक्रम स्थल तक रैली के रूप में लेकर आएंगे. बाकी विधानसभा के 1723 बूथ है, उन बूथों के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में पहुंचेंगे. इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया जाएगा. इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, जयपाल सिंह चावड़ा, प्रदेश प्रवक्ता आलोक दुबे, मीडिया प्रभारी रितेश तिवारी एवं सह मीडिया प्रभारी नितिन द्विवेदी उपस्थित थे.

# कार्रवाई के पहले नियम एवं प्रक्रिया का पालन करें : आयुक्त

- भवन अधिकारी और निरीक्षकों को बैठक में आयुक्त ने दी सीख
- खतरनाक मकानों पर रिमूवल कारवाई करने के निर्देश



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. आज नगर निगम आयुक्त ने स्मार्ट सिटी ऑफिस में निगम के नव नियुक्त भवन अधिकारियों और इंस्पेक्टर की बैठक ली, बैठक में आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी कार्रवाई करने से पहले नियम और कानून के जानकारी ले लें. साथ ही त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए जर्जर और खतरनाक मकानों पर रिमूवल कार्रवाई करने आदेश भी दिए.**

नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा आज इंदौर स्मार्ट सिटी कार्यालय में नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत लंबित भवन अनुज्ञा प्रकरणों की जोनवार समीक्षा की. शहर में आगामी त्योहारों पर होने वाले विभिन्न आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए खतरनाक एवं जर्जर भवनों के विरुद्ध रिमूवल कार्रवाई की रूपरेखा तैयार करने का निर्णय लिया गया है. आयुक्त वर्मा ने नवनियुक्त भवन अधिकारियों एवं निरीक्षकों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने जोन में लंबित भवन अनुज्ञा प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण करें. उन्होंने कहा कि नागरिकों को समयबद्ध एवं पारदर्शी सेवाएं देना निगम की प्राथमिकता है. इसके लिए तत्परता से कार्य करना होगा. शहर में स्थित जर्जर एवं खतरनाक भवनों के विरुद्ध रिमूवल कारवाई करने के निर्देश दिए गए.

### प्रक्रिया पर प्रेजेंटेशन दिया

बैठक के दौरान निगम अभिभाषक ऋषि तिवारी ने भवन अधिकारियों एवं निरीक्षकों को भवन अनुज्ञा प्रक्रिया, नोटिस जारी करने की विधिक प्रक्रिया तथा जर्जर भवनों के विरुद्ध कार्रवाई की प्रक्रिया पर प्रेजेंटेशन दिया. इसका उद्देश्य अधिकारियों को नियम एवं कानून की पूरी जानकारी देकर विधिसम्मत कारवाई को प्रभावी बनाना है. बैठक में अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, उपायुक्त भवन अनुज्ञा शैलेश अवस्थी,निगम अभिभाषक ऋषि तिवारी, समस्त भवन अधिकारी, भवन निरीक्षक एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे.

# साहित्यकारों ने सृजन विविधा में पढ़ी रचनाएँ

**इंदौर.** **'मंच पर पढ़ी जाने वाली कविताएँ प्राय: गेयता को धारण करके रखती हैं। मंच तब ही शुद्ध रहेंगे, जब कवि उन मंचों को व्यासपीठ माने, जिसकी अधिष्ठात्री कविता है. प्रस्तुतिकरण के महत्त्व को समझकर कविता का लेखन किया जाना चाहिए. समसामयिक विषयों के साथ दूरदृष्टि रखते हुए कविताएँ एवं गीत खूब लिखें.**

यह बात सृजन विविधा में मंचीय कविता विषय पर वक्ता डॉ. अर्पण जैन अविचल ने कही. मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति द्वारा प्रति शुक्रवार आयोजित होने वाले सृजन विविधा सम्पन्न हुआ. काव्य पाठ सत्र में निर्मला द्विवेदी ने कविता तुम अगर पढ़ना चाहो तो मैं किताब हो जाऊँ, डॉ. अखिलेश शर्मा ने हे ईश्वर, राम आसरे पांडेय ने बच्चों की कविता कविता सुनाई. साथ ही, दिलीप नीमा, तृप्ति शाह, सीता सेन, नवनीत जैन, अचला गुप्ता आदि ने रचनापाठ किया. संचालन साहित्य मंत्री डॉ. पद्मा सिंह ने किया.

इस मौके पर किशोर यादव, मणिमाला शर्मा, ज्योति यादव, सुधीर लोखंडे, नागेश व्यास, प्रकाश जैन, नयन राठी, शीला पाटील, भरत कुमार, जयंत तिकोस्कर, डॉ. मनीष शर्मा, प्रभा तिवारी, डॉ. सुधा चौहान आदि मौजूद रहे.



# बालदा कॉलोनी क्षेत्र में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक की शुरुआत कल

### श्री वैष्णव चैरिटी ट्रस्ट करेगा क्लिनिक का संचालन

**इंदौर. राष्टीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत शहर में सीएम संजीवनी क्लीनिक की स्थापना की जा रही है ताकि आसपास के लोगों को उनके घर के पास ही इलाज की सुविधा मिल सके.**

7 जुलाई को महापौर पुष्यमित्र भार्गव के मुख्य आतिथ्य में एवं क्षेत्र क्रमांक 4 की विधायक मालिनीजी लक्ष्मणसिंह गौड़ की विशेष उपस्तिथि में यह क्लिनिक का उद्घाटित होने जा रहा है.

संजीवनी क्लीनिक के उद्घाटन के मौके पर क्षेत्रीय पार्षद प्रिया डांगी भी उपस्थित रहेंगी. क्लिनिक का सञ्चालन श्री वैष्णव चैरिटी ट्रस्ट करेगा. वैष्णव चैरिटी ट्रस्ट के अध्यक्ष पुरषोत्तमदास पसारी एवं मंत्री राधाकिशन सोनी ने कहा स्वास्थ्य ऐसा विषय है, जो समाज के प्रत्येक तबके के हर आयु वर्ग वाले लोगों को सीधे तौर पर प्रभावित करता है.

उन्होंने बताया कि ये स्वास्थ्य केंद्र कार्य दिवसों पर




सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे. इनके जरिये सामान्य ओपीडी परामर्श, गर्भवती महिलाओं की जांच और टीकाकरण और रोगों के उपचार की सेवाएं मिलेंगी. इनमें कैंसर, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसे रोगों की जांच की सुविधा भी रहेगी.

कॉनक्लेव

**सीआईआई मालवा ज़ोन ने एचआर कॉन्क्लेव 2025 का किया आयोजन**

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एचआर में ला रहा बड़े बदलाव




**नवभारत न्यूज**

**इंदौर. कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) मालवा ज़ोन ने सीआईआई एचआर कॉनक्लेव 2025 का आयोजन ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, में किया. इस साल का विषय था एचआर- द गेम चेंजर्स: इनोवेशन से काम का नया रूप. इस मौके पर कई जाने-माने एचआर प्रोफेशनल्स, शिक्षा जगत के प्रतिनिधि और नीति निर्माता एक साथ आए और बदलती हुई एचआर दुनिया और उसकी बढ़ती भूमिका पर चर्चा की.**

कार्यक्रम की शुरुआत सीआईआई मालवा ज़ोनल काउंसिल के चेयरमैन पंकज गोयल के स्वागत भाषण से हुई. इसके बाद सीआईआई मध्य प्रदेश स्टेट काउंसिल के चेयरमैन सिद्धार्थ सेठी ने विशेष संबोधन दिया और पूरे दिन की बातचीत की दिशा तय की. मुख्य सत्रों में गोडरेज इन्फोटेक की वाइस प्रेसिडेंट एचआर वैशाली राज ने बताया कि कैसे हम तकनीक के साथ-साथ इंसानियत को भी बनाए रखते हुए एक सहानुभूति भरा और सहयोगी कार्यस्थल बना सकते हैं. कमिंस पावर सिस्टम्स इंडिया के डायरेक्टर और हेड एचआर अजीत तलरेजा ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सिर्फ एक फैशन शब्द नहीं है, बल्कि यह एचआर में बड़े बदलाव ला रहा है और फैसले बेहतर बनाने में मदद कर रहा है. वेरांडा लर्निंग सॉल्यूशंस के ग्रुप सीएचआरओ विवेक सपरे ने कहा कि आने वाले समय में कर्मचारियों की नई स्किल्स सबसे ज़रूरी होंगी और इसके लिए लगातार सीखना और ट्रेनिंग लेना ज़रूरी है. वीई कमर्शियल व्हीकल्स के एचआर और आईआर के जनरल मैनेजर सुबोध मोहरेल ने सीआईआई एचआर एक्सीलेंस फ्रेमवर्क पर बात की.

आईआईएम डीन (फैकल्टी) प्रोफेसर रंजीत नामबुदिरी ने कहा कि अब एचआर सिर्फ सपोर्ट रोल में नहीं है, बल्कि वह कंपनी की रणनीति बनाने और बदलाव लाने में बड़ी भूमिका निभा रहा है.

### लेबर कानूनों की जानकारी दी

समापन सत्र में ईपीएफओ के रीजनल पीएफ कमिश्नर-2 मृगेश महादेव घाड़े और ईएसआईसी के डिप्टी डायरेक्टर आलोक गुप्ता ने नए लेबर कानूनों और जरूरी बदलावों के बारे में जानकारी दी. इस सत्र का संचालन पंकज गोयल ने किया. कार्यक्रम में लगभग 80 उद्योग प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और एचआर के भविष्य, तकनीकी बदलावों, स्किल डेवलपमेंट और कानूनी सुधारों पर उपयोगी बातें सीखीं.